Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Issue regarding resumption of train services from sitaqmarhi, Bihar.

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सीतामढ़ी, मां जगतजननी सीता की प्रकटस्थली से आता हूँ । माननीय प्रधान मंत्री जी की घोषणा है कि अयोध्या की तर्ज़ पर भगवान रामचन्द्र की अयोध्या के बराबर सीता की नगरी सीतामढ़ी को भी विकसित किया जाएगा । परंतु, अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी तक सीतामढ़ी से जो नई ट्रेनों का परिचालान होना चाहिए था, उसकी शुरूआत नहीं हो सकी है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जयनगर, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर से जो ट्रेन चलती है, उसको सीतामढ़ी तक बढ़ाया जाए, जिससे कि देश-दुनिया के लोग माँ जगतजननी सीता की उस प्रकटस्थली पर आ सकें और दर्शन कर सकें । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि सीतामढ़ी में वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाए, जिससे वहां से ट्रेनों का परिचालन हो सके । अभी आयोध्या से सीतामढ़ी तक अयोध्या की जो ट्रेन आ रही है, उसके अलावा अन्य ट्रेनों का परिचालन बहुत जरूरी है । इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । आपने मुझे अपने क्षेत्र के लोगों के लिए आवाज़ उठाने का मौका दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।